भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2264
उत्तर देने की तारीख : 12.02.2026

हरियाणा के सिरसा में होजरी क्लस्टर की स्थापना

2264. कुमारी सैलजाः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हरियाणा के सिरसा जिले में होजरी क्लस्टर की स्थापना के लिए किसी परियोजना का प्रस्ताव किया है या अनुमोदन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है और अब तक स्वीकृत और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार रोजगार को बढ़ावा देने और कपास किसानों को उचित लाभ सुनिश्चित करने के लिए सिरसा के एक प्रमुख कपास उत्पादक केन्द्र होने के दृष्टिगत उक्त परियोजना का पुनरुद्धार करने या उसमें तेजी लाने पर विचार कर रही है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : एमएसएमई मंत्रालय देश भर में सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम(एमएसई-सीडीपी) का कार्यान्वयन कर रहा है। इस स्कीम का उद्देश्य मौजूदा क्लस्टरों में सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) की स्थापना करने और नए/मौजूदा औद्योगिक संपदाओं/क्षेत्रों/फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं की स्थापना/उन्नयन करने के लिए भारत सरकार अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करके क्लस्टरों का विकास करने की नीति को अपनाकर सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) की समग्र विकास के लिए उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। यह मांग संचालित स्कीम है और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से उनकी आवश्यकतानुसार प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। हरियाणा सरकार से सिरसा जिले में होजरी क्लस्टर की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता है।

*****